


नवभारत

भोपाल, शुक्रवार 31 अक्टूबर, 2025


# चांदपुर में युवक को जलाने का प्रयास

## एक पखवाड़े के बाद परिजनों की शिकायत पर दो पर मामला दर्ज, पुरानी बुराई पर हुई घटना

नवभारत न्यूज

**रहली 30 अक्टूबर. चांदपुर ग्राम में दो लोगों ने मिलकर एक युवक से न केवल मारपीट की बल्कि युवक को जिंदा जलाने की कोशिश की, जिससे युवक गंभीर रूप से घायल हो गया. युवक को बचाने उसकी मां आई तो आरोपियों ने मां के साथ भी अभद्रता की. मेमो के आधार पर पुलिस की जांच व युवक के इलाज कराकर लौटने पर दो आरोपियों पर मामला दर्ज किया.**

जानकारी की अनुसार पीड़ित की मां थाने पहुंची और पुलिस को आवेदन देकर एक और नाम सहित तीन आरोपियों पर मामला दर्ज करने की मांग की है. जानकारी के अनुसार बाजार में एक दुकान के सामने हेमराज अहिरवार नशे की हालत में पड़ा था. हेमराज, नरेश साहू व एक अन्य युवक ने उसके पास कचरा रखकर आग जला दी, जिससे युवक भी जल गया. युवक के चिल्लाने पर मां आई, आरोपी से आग लगाने का कारण पूछा तो दोनों ने मां से भी अभद्रता कर दी, युवक को अस्पताल ले गए, जहां से सागर रेफर किया गया था.

### नाम जोड़े जाने पर जांच की मांग की

मिली जानकारी के अनुसार 30 अक्टूबर को तीसरे व्यक्ति के रुप में वर्णित नरेश साहू ने भी एक आवेदन एसडीओपी पुलिस को देकर मामले की पुनः जांच कराते हुए दिए गए झूठे आवेदन पर आवेदक के विरुद्ध प्राथमिक की दर्ज कराने की मांग की गई है. आवेदन में नरेश साहू की ओर से दिए गए आवेदन में स्पष्ट उल्लेख किया गया है कि सीसीटीवी कैमरे फुटेज में किसी तीसरे व्यक्ति के स्थान पर उसका नाम पुरानी रंजिश के कारण जोड़ा जा रहा है. जबकि तीसरा व्यक्ति फुटेज में साफ नजर आ रहा है नरेश की ओर से लिखा गया कि वह सीधा-साधा व्यक्ति है उसके विरुद्ध कभी कोई मामला नहीं बना इस कारण मामले की सूक्ष्मता से निष्पक्ष जांच कराया जाना आवश्यक बताते हुए कहा गया कि कोई निर्दोष व्यक्ति उक्त अपराध में दोषी न बनाया जाए.

> इस मामले में पुलिस को मेमो प्राप्त हो गया जिसके बाद पुलिस ने युवक, युवक की मां व भाई के बयान लिए व दो लोगों पर मामला दर्ज किया. अब पंद्रह दिन बाद युवक की मां ने पुलिस को एक आवेदन देकर कहा है कि घटना के दौरान तीन युवक मौजूद थे लेकिन पुलिस ने सिर्फ दो के नाम ही लिखे हैं, तीसरा नरेश साहू बताया है और उसके विरुद्ध भी अपराध पंजीकृत करने की मांग की है.

### आरोप निराधार बताए

**सागर.** सांजली बांध प्रभावित मछुआ सहकारी समिति के सदस्यों ने कुछ लोगों द्वारा लगाए गए झूठे और भ्रामक आरोपों पर आपत्ति जताई है. समिति का कहना है कि वह पूरी तरह वैध, नियमों के अनुरूप तथा सभी वर्गों के लोगों की भागीदारी से गठित है. समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि संगठन में रैकवार, हरिजन, आदिवासी, ओबीसी, सामान्य वर्ग तथा महिला प्रतिनिधि शामिल हैं. समिति का गठन बांध के डूब क्षेत्र के हिसाब से किया गया है, जिसमें सागर जिले का 415.26 हेक्टेयर और दमोह जिले का 382.67 हेक्टेयर क्षेत्र समाहित है. सदस्यों के अनुसार कुछ लोगों द्वारा यह अफवाह फैलाई जा रही है कि समिति के वर्तमान अध्यक्ष सरपंच हैं, जबकि यह तथ्य पूरी तरह गलत है. केवलारी और सासा ग्राम पंचायतों द्वारा पूर्व में उच्च न्यायालय में दर्ज शिकायतों के निर्देशों का पालन नहीं किया गया.

# दो दिवसीय युवा उत्सव का हुआ शुभारंभ

## कन्या महाविद्यालय में 22 विधाओं में भाग ले रहे विद्यार्थी, आज होगा कार्यक्रम का समापन

नवभारत न्यूज

**सागर 30 अक्टूबर. देश के युवाओं में असीम प्रतिभायें छिपी रहती है, जिन्हे यदि प्रेरित करके उभारा जाये तो वह समाज के लिए वरदान सिद्ध हो सकती हैं.**

उक्त उद्गार शासकीय स्वशासी कन्या स्नातकोत्तर उत्कृष्टता महाविद्यालय में आयोजित जिला स्तरीय युवा उत्सव समारोह में मुख्य अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष श्याम तिवारी ने व्यक्त किए. विशिष्ट अतिथि डॉ. नीरज दुबे क्षेत्रीय अतिरिक्त संचालक ने कहा कि युवा उत्सव की यह उपलब्धी विद्यार्थियों को विकास के सर्वोच्च शिखर तक ले जायेगी. जनभागीदारी अध्यक्ष श्रीमती मनीषा विनय मिश्रा ने कहा कि युवा उत्सव के माध्यम से छिपी हुई प्रतिभायें निखर कर बाहर आती है.




> प्राचार्य डॉ. आनंद तिवारी ने स्वागत उद्बोधन दिया. युवा उत्सव प्रभारी प्राध्यापक डॉ. अंजना चतुर्वेदी ने 22 विधाओं की जानकारी दी. डॉ. हरिओम सोनी एवं डॉ. प्रेम चतुर्वेदी के निर्देशन में संगीत विभाग की छात्राओं ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत की. संचालन डॉ. अर्चना मिश्रा ने किया तथा अभार व्यक्त प्रशासनिक अधिकारी डॉ. संजय खरे ने किया. इस अवसर पर आयोजित सभी 22 विधाओं में जिलेभर के महाविद्यालयों के युवा प्रतिभागियों ने बड़े उमंग-उत्साह से भाग लिया है. इस अवसर पर कन्या महाविद्यालय का समग्र परिवार बड़ी संख्या में उपस्थित था. इस अवसर पर जनभागीदारी सदस्य प्रासुक जैन, श्रीकांत जैन आदि मौजूद रहे.

## एक नजर में



### आंवला नवमी पर पूजा कर परिक्रमा लगाई

**राहतगढ़.** अक्षय नवमी का पर्व पर महिलाएं आंवला वृक्ष का पूजन करने वन विभाग, विद्युत मंडल, स्वामी कालकानंद जी समाधि स्थल आदि स्थानों पर लगे आंवले के पेड़ का पूजन करने पहुंची. महिलाओं ने आंवले के वृक्ष का पूजन कर दोषों से मुक्ति, परिवार में खुशहाली, आरोग्य, पुत्र रत्न व सुख-समृद्धि की प्राप्ति के लिए परिक्रमा की. इस दौरान भजन-कीर्तन किए गए.



### सतर्कता रैली एवं नुक्कड़ नाटक आयोजित

**सागर.** डॉ. हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय के शिक्षाशास्त्र विभाग द्वारा गोद लिए हुए ग्राम पथरिया जाट एवं सिरोंजा ग्राम पंचायतों में छात्रों द्वारा नुक्कड़ नाटक एवं विद्यार्थियों द्वारा रैली निकाली गयी. रैली को विभागाध्यक्ष प्रो. अनिल कुमार जैन द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया. इससे पहले विद्यार्थियों को सतर्कता जागरूकता संबंधी शपथ दिलाई गई. संयोजक डॉ. रश्मि जैन एवं आयोजन सचिव डॉ. चिन्तन वर्मा ने आयोजन कराया.



### सरकारी निर्माण कार्यों को क्षतिग्रस्त किया

**गौरझामर.** ग्राम पंचायत में बस स्टैंड के पीछे बना प्रशाधन अज्ञात लोगों द्वारा तोड़ दिया गया. जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत को इसकी सूचना के बावजूद भी अभी तक इस पर कोई कार्रवाई नहीं हुई है. ग्राम पंचायत के जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा इस और ध्यान नहीं दिया जा रहा है. ग्रामीणों बताया कि बस स्टैंड प्रांगण में एकमात्र प्रशाधन घर बना हुआ था, इसे भी क्षति रहित कर दिया गया, जल्द से जल्द मरम्मत करवाई जाए.




### रेल कर्मियों की समस्याओं को निराकृत करेंगे

**सागर.** वेस्ट सेन्ट्रल रेलवे मजदूर संघ के महामंत्री अशोक शर्मा राष्ट्रीय स्तर पर एनएफआईआर के संयुक्त महामंत्री निर्वाचित होने के बाद एक दिवसीय दौरे पर सागर आए. रेलवे स्टेशन खुरई और रेलवे स्टेशन सागर में सभा का आयोजन किया गया. उन्होने रनिंग कर्मचारियों, परिचालन, इंजीनियरिंग, एस एण्ड टी, वाणिज्य तथा चिकित्सा विभाग के कर्मचारियों की मांगों को महाप्रबंधक शोभना बंदोपाध्याय से भेंट कर समस्याओं को हल करवाने का आश्वासन दिया. अनुज तिवारी ने पुरानी पेंशन व्यवस्था को बहाल करने संबंधित प्रयासों की जानकारी दी. सचिव डॉ मो. शमशाद ने आठवें वेतन आयोग में रेलवे के सभी कैडर के लिए रखी गई मांगों की जानकारी दी. कार्यक्रम में आर एस पाल, बी सी निरंजन, अखिलेश कुमार, अशोक परिहार, राकेश केन, रवि प्रकाश सेन, रामकेश मीना, संजीव तिवारी, राकेश शुक्ला उपस्थित रहे. आभार राघवेंद्र सिंह दीवान ने माना.

### एकता अखंडता की शपथ दिलाई जायेगी आज


**सागर.** एकता, अखंडता और सुरक्षा की भावना को मजबूती प्रदान करने के लिए राष्ट्रीय एकता दिवस की शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन 31 अक्टूबर को कलेक्टर कार्यालय में किया जाएगा. शपथ कार्यक्रम के पश्चात जिले में विभिन्न स्थानों पर रन फॉर यूनिटी का आयोजन किया जाएगा. जिले के समस्त स्टेशनों में शुभारंभ समारोह, एकता शपथ ग्रहण समारोह, स्कूलों व पुलिस स्टेशनों में सरदार पटेल फोटो प्रदर्शनी आयोजित होगी.

# सिद्धचक्र महामंडल विधान शुरु

नवभारत न्यूज

**सागर 30 अक्टूबर. पारसनाथ दिगंबर जैन मंदिर अंकुर कॉलोनी में मुनिश्री विमल सागर एवं मुनिश्री अनंत सागर के सानिध्य में शुरू हुए श्री सिद्ध चक्र महामंडल विधान एवं विश्व शांति महायज्ञ में विधान की तीन पूजन के 56 अर्घ्य समर्पित हुए.**

इस अवसर पर मुनिश्री अनंत सागर महाराज ने कहा कि पर्व के दिनों में हमें हिंसा से बचना चाहिए पर्व के दिनों में की गई भक्ति एवं तप का विशेष महत्व होता है, इन दिनों में की गई आराधना से व्यक्ति के वज्र के समान कर्म कट जाते हैं.



मुनि श्री ने बताया कि मैना सुंदरी ने भगवान की भक्ति कितने पवित्र भावों से की होगी कि उसके पति का कुष्ठ रोग तो दूर हो ही गया और इस विधान के माध्यम से हम सभी को भी भक्ति करने का अवसर प्रदान हुआ है. पाँच पापों से तुम कैसे बच सकते हैं? बच्चे जितने अंश में बच सकें उतना बचें, पूरी तरह से नहीं बच सकते तो जितना बच सकते हो उतना बचो.

# विस्थापितों के दस्तावेजों का परीक्षण करें

नवभारत न्यूज

**सागर 30 अक्टूबर. विस्थापितों के दस्तावेजों का परीक्षण कर विस्थापितों को विस्थापन राशि हस्तांतरित करें एवं विस्थापन क्षेत्र में सभी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराएं.**

उक्त निर्देश कलेक्टर संदीप जी.आर ने वीरांगना रानी दुर्गावती टाईगर रिजर्व हेतु जिला स्तरीय समिति की बैठक में दिए. बैठक में दस्तावेजों का परीक्षण किया गया. परीक्षण के उपरांत निर्देश दिए गए कि जिन विस्थापितों को अभी तक मुआवजा नहीं मिला है, उनके दस्तावेजों का परीक्षण कर



तत्काल विस्थापन मुआवजा की राशि उनके बैंक खातों में हस्तांतरित की जावे. समीक्षा बैठक में पात्र, अपात्र हितग्राहियों के दस्तावेजों का परीक्षण किया गया. परिसंपत्तिधारकों की परिसंपत्तियों का मूल्यांकन, भुगतान पत्रक प्रस्तुत किया गया. बैठक में तरा, जोगीपुरा, खमरापठार, पूतदेही, झमरा, मोगरा, केरपानी, आखिखेड़ा, खापा, केसली, खपरा खेड़ा, देवलपानी, पटना, मोहली के सभी विस्थापित परिवारों को भी सुना. हितग्राहियों द्वारा प्रेषित हितग्राहियों के बैंक खातों की पासबुक की स्वप्रमाणित छाया प्रति प्राप्त की गई.

### पर्यवेक्षक नियुक्त

**सागर.** सतारा महाराष्ट्र में आयोजित होने जा रहे देश के सबसे बड़ी कुश्ती दंगल हिंद केसरी 2024-25 में लगभग 27 राज्यो के महिला और पुरुष पहलवान शिरकत करेंगे. मप्र की कुश्ती टीम का चयन छत्रसाल अखाड़ा में 5 नवंबर को सुबह 10 बजे से रखा गया है. चयन हेतु पहलवानों के रुकने और भोजन आदि की व्यवस्था कर ली गई है. इस चयन में हर भार वर्ग के हर वजन वर्ग में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले पहलवान को ही सतारा महाराष्ट्र भेजा जाएगा. इस चयन में भारतीय शैली कुश्ती संघ के प्रदेश अध्यक्ष कपिल मलैया, प्रदेश महासचिव अर्जुन यादव, जिलाध्यक्ष कौशल सोनी शामिल रहेंगे.

# कांग्रेस कार्यकर्ता डोर टू डोर आमजन तक पहुंचे

नवभारत न्यूज

**बीना 30 अक्टूबर. जिला ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह मुहासा के आगमन स्वागत किया गया.**

श्री सिंह ने कहा कि नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने यह सिद्ध कर दिया कि मोदी सरकार वोट चोरी करके सरकार बनाई. संगठन की मजबूती के लिए यह आवश्यक है कि हमें हर कार्यकर्ता के दुख सुख में शामिल होना चाहिए. पूर्व मंत्री प्रभु सिंह ठाकुर ने कहा कि आज आवश्यकता है कि कार्यकर्ता डोर-टू-डोर आम जनता के बीच पहुंचें. जिला कांग्रेस प्रभारी घनश्याम सिंह ने कहा कि जिस



तरह कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस का विधायक बनाया था इसी तरह आने वाले उपचुनाव में उन्हें सबक भी सिखाना है.

ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष इंदर सिंह यादव ने कहा कि कांग्रेस हमेशा किसानों युवा बेरोजगारों के हितों के लिए कार्य करती आई है. इस दौरान नेता प्रतिपक्ष प्रशांत राय, शहर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष अनुराग ठाकुर जिला संगठन मंत्री पी पी नायक, इंदर सिंह ठाकुर, नरेंद्र सिंह ठाकुर, उमा नवैया, सतीश तिवारी ने भी विचार रखें. कार्यक्रम का संचालन ओम प्रकाश पासु ने किया.

### विकास कार्यों का मंत्री लोकार्पण करेंगे आज

**राहतगढ़.** खाद्य मंत्री गोविंद सिंह राजपूत 31 अक्टूर शुक्रवार को राहतगढ़ क्षेत्र में हुए विकास कार्यों का लोकार्पण करेंगे. जानकारी के अनुसार मंत्री श्री राजपूत दोपहर दो बजे ग्राम खैजरामाफी मे 49.14 लाख से उप-स्वास्थ्य केंद्र, 21.30 लाख से अटल टिंकरिंग लैब लोकार्पण एवं शाम चार बजे ग्राम निवोदिया मे 280.90 लाख से निवोदिया से हिरनखेड़ा मार्ग और 20.83 लाख से पंचायत भवन का लोकार्पण करेंगे साथ ही अनेक विकास कार्यों की सौगात देगें.

# दिव्यांगों को प्रमाण पत्र दिए




नवभारत न्यूज

**सागर 30 अक्टूबर. आईएमए और स्वास्थ्य विभाग के तत्वावधान में जीवन रक्षक सीपीआर कार्यक्रम एक्सीलेंस स्कूल में आयोजित किया गया.**

कैम्प में डॉ. अंशुल नेमा ने छात्रों को सीपीआर की तकनीक सिखाई. कैम्प में 30 दिव्यांग छात्र-छात्राओं का परीक्षण किया गया और उन्हें हाथों-हाथ प्रमाणपत्र वितरित कर दिए गए. इस दौरान क्षेत्रीय संचालक स्वास्थ्य विभाग डॉ नीना गिडियन, आईएमए अध्यक्ष डॉ. तल्हा साद, आईएमए सचिव डॉ. रोशी जैन, डॉ. आदित्य दुबे, डॉ. सुशीला यादव, डॉ. भारत तोमर और शिक्षक उपस्थित रहे.

# आरओबी की डिजाइन जन उपयोगी नहीं- श्री ठाकुर

नवभारत न्यूज

**सागर 30 अक्टूबर. सर्वदलीय नागरिक संघर्ष मोर्चा के संरक्षक रघु ठाकुर ने कहा कि राहतगढ़ रेलवे ओवरब्रिज की डिजाइन जनउपयोगी नहीं है और वह केवल भोपाल, नरयावली मार्ग के अलावा किसी ओर के काम का नहीं है.**

श्री ठाकुर आज सागर प्रवास के दौरान पत्रकारों से चर्चा कर रहे थे. उन्होने रेल मंत्रालय से मांग की है कि आरओबी को सुधारकर जनउपयोगी बनाया जाए ताकि सभी क्षेत्र के लोगों को लाभ मिल सके. उन्होने बताया कि पिछले दिनों राहतगढ़ रेलवे क्रॉसिंग पर दो बुर्जुग गरीब महिलाएं रेल दुर्घटना का शिकार हो गई थीं. जिसमें से एक की मृत्यु हो गई थी. दूसरी गंभीर रुप से घायल है. बस्ती से बाजार आने वालों के लिए विशेषत: पैदल आवाजाही के लिए सीधा कोई रास्ता नहीं है. आरओबी से दो किलोमीटर का चक्कर पड़ता है. लाचार गरीब रेल लाइन पार करते हैं, जिसमें महिला की शहादत हो गई.शहादत इसलिए है कि वृद्धा की मृत्यु से इस शहर की समस्या के लिए कुछ करने की प्रेरणा मिली है. जिसके चलते ही 2 नवंबर को सरस्वती वाचनालय स्वराज सभागार में बैठक रखी गई है.

श्री ठाकुर ने रेल मंत्रालय से मांग की है कि जब तक आरओबी जनउपयोगी नहीं बन जाता है तब तक के लिए अंडरब्रिज बनाया जा सकता है या फिर रेलवे फाटक को खोल दिया जाए.

### संरक्षक मंडल घोषित

**सागर.** क्षत्रिय समाज जिला अध्यक्ष नीरज सिंह नयाखेड़ा ने बताया कि संरक्षक मंडल की अगली सूची में आरजी ठाकुर, एड.देवेन्द्र सिंह, रमेश सिंह राजपूत, सिद्धगोपाल सिंह, विजय सिंह, गोपाल सिंह, मेहरवान सिंह, मेहताप सिंह, हरिसिंह मैनवारा, गोकुल सिंह, नत्थू सिंह, नरेन्द्र सिंह, हरगोविंद सिंह, रतन सिंह, हम्मीर सिंह, जाहर सिंह, रतन सिंह, डॉ. अजब सिंह, राजेन्द्र सिंह, विष्णु सिंह, मालक सिंह, शिवराज सिंह, जगत सिंह, नारायण सिंह, अजब सिंह, बलराम सिंह, रामराज सिंह, जगदीश सिंह, मलखान सिंह, गंधर्व सिंह, शेरसिंह सागौनी पुरैना, रनवीर सिंह, हाकम सिंह, रनवीर सिंह, अमर सिंह, राजेन्द्र सिंह गौर, कुंवर सिंह, नत्थू सिंह, लक्ष्मण सिंह, रघुवीर सिंह, बाबूसिंह आदि शामिल है.

# तिलकगंज में 25 मंडलीय कल्पद्रुम विधान

नवभारत न्यूज

**सागर 30 अक्टूबर. तिलकगंज में चल रहे 25 मंडलीय कल्पद्रुम महामंडल विधान में 600 श्री फलों से अर्घ समर्पित किए.**

माताजी ने प्रवचनों में बताया कि जो व्यक्ति धार्मिक कार्यो को करने में सहयोगी बनते हैं एक दिन वह भी सहयोग करते-करते स्वयं ही आराध्य और जिनेंद्र भगवान बन जाते हैं. माताजी ने बताया कि भगवान के समवशरण में बैठना भी बहुत बड़ा पुण्य है. माताजी ने बताया पुण्य के प्रभाव से और भक्ति करने से सुंदर स्वरूप भी प्राप्त होता है पुण्य की प्राप्ति होने से सांगोपांग शरीर एवं यश एवं वैभव की प्राप्ति होती है. श्रावक सृष्टि ने प्रश्न किया अरविंद एवं ममता जैन



ने प्रश्न किया धार्मिक कार्यों में जो व्यक्ति सहयोग में लगे रहते हैं उनको कौन से कर्म का आश्रव होता है. सुनील जैन पूर्व विधायक, महेश मलैया, श्रीफल अर्पित करने विधान स्थल पहुंचे. दरबार में इंद्रसभा संपन्न हुई जिसमें मुख्य पात्रों के रूप में कपिल मलैया, वीरेन्द्र मालथौन, नितिन जैन, नरेन्द्र नायक , दिलीप शाह, प्रफुल्ल सिंघई मौजूद थे.

### नगर परिक्रमा आज

25 मंडलीय समवसरण विधान के आयोजन के उपरांत 31 अक्टूबर शुक्रवार को प्रात:7.30 बजे आर्यिका विजिज्ञाश्री माताजी ससंघ के सानिध्य में नगर परिक्रमा विधान स्थल से प्रारंभ होगी जो की लच्छू चौराहा ,नमक मंडी, तीन बत्ती, गुजराती बाजार, वर्णी कालोनी होते हुए विधान स्थल पहुंचेगी.

# हर व्यक्ति का पक्के घर का सपना साकार हुआ

नवभारत न्यूज

**सागर 30 अक्टूबर. हर व्यक्ति का सपना होता है कि उसका घर हो जिसमें वह अपने परिवार के साथ रह सके. इस मूलभूत आवश्यकता को समझते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तथा सरकार ने प्रधानमंत्री आवास योजना से हर व्यक्ति के पक्के घर का सपना साकार किया.**

यह बात खाद्य मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने पद्माकर सभागार में आयोजित जिला स्तरीय प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी 02 अंगीकार कार्यक्रम में कहीं. श्री राजपूत ने कहा कि सरकार ने गरीब एवं मध्यमवर्गीय लोगों के



लिए कुटी नहीं बल्कि घर दिया है जिसमें हर पात्र हितग्राही के लिए शहर में ढाई लाख रुपये, ग्रामीण क्षेत्र में 1,25000 दिए जाते हैं. कार्यक्रम के दौरान हितग्राहियों को नए घरों की चाबियां सौंपी. इस अवसर पर महापौर संगीता तिवारी ने कहा कि इस तरह की योजनाओं से हर जरूरतमंद को लाभ पहुंच रहा है. निगमायुक्त राजकुमार खत्री ने योजनाओं की विस्तृत जानकारी हितग्राहियों को दी.

कार्यक्रम में मुख्य रूप से शैलेंद्र ठाकुर, धर्मेंद्र खटीक, रूबी पटैल, रामू ठेकेदार, डब्बू साहू, नरेश यादव सहित ननि पार्षद एवं जनप्रतिनिधि सहित एमआईसी के सदस्य उपस्थित रहे.


# कार्यालय नगर पालिक निगम सागर

क्र./नामा.शा./न.नि./2025-26/30 — -:: सूचना ::- — सागर दिनांक: 28/10/2025

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, नगर पालिक निगम सागर सीमान्तर्गत नीचे दिए गए भवनों/प्लाटों पर नाम दर्ज करने हेतु आवेदन प्राप्त हुए हैं। अत: इस संबंध में जिन व्यक्तियों को कोई आपत्ति हो तो वे अपनी लिखित आपत्ति सूचना प्रकाशन के 30 दिवस के अंदर आयुक्त, नगर पालिक निगम सागर के नाम से प्रस्तुत कर सकते हैं।

| क्र. | प्र.क्र. | वार्ड का नाम भवन/प्लाट | किस आधार पर | नाम बेचवार/वसीयतनामा/दानदाता/वंशानुक्रम | जिस व्यक्ति का नाम दर्ज होना है |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 1081/25-26 | पुरव्याऊ | रजि. दानपत्र, शपथ पत्र | ताराबाई पति हुकुम सिंह, भगत सिंह पिता जगतसिंह, किरणपति निजाम सिंह राजपूत | विजेता पति भगत सिंह |
| 2. | 1082/25-26 | तिली | रजि. बैनामा, शपथ पत्र | नवकार बिल्डर्स द्वारा राजेश कुमार पिता गुलाब प्रसाद मिश्रा एवं राजकिशोर पिता रामरतन पुरोहित | मधुराज पिता रामरतन पुरोहित |
| 3. | 1083/25-26 | भगतसिंह | रजि. बैनामा, शपथ पत्र | भागवती देवी पति सीताराम विश्वकर्मा | मधुराज पिता रामरतन पुरोहित |
| 4. | 1084/25-26 | तिली | रजि. बैनामा, शपथ पत्र | नवकार बिल्डर्स द्वारा राजेश कुमार पिता गुलाब प्रसाद मिश्रा एवं राजकिशोर पिता रामरतन पुरोहित | निखिल कुमार पिता राजेश कुमार पाठक |
| 5. | 1085/25-26 | भगतसिंह | रजि. बैनामा, शपथ पत्र | भागवती देवी पति सीताराम विश्वकर्मा | मधुराज पिता रामरतन पुरोहित |
| 6. | 1086/25-26 | तिली | रजि. बैनामा, शपथ पत्र | नवकार बिल्डर्स द्वारा राजेश कुमार पिता गुलाब प्रसाद मिश्रा एवं राजकिशोर पिता रामरतन पुरोहित | मधुराज पिता रामरतन पुरोहित |
| 7. | 1087/25-26 | चंद्रशेखर | रजि. बैनामा, शपथ पत्र | स्व. कमल पिता तुलसीराम जैन | चंदा पति स्व.कमल कुमार, राकेश, राजेश, आशा, कल्पना, रानी पुत्र-पुत्री स्व.कमल कुमार जैन |
| 8. | 1088/25-26 | बाघराज | रजि. बैनामा, शपथ पत्र | निधि पति सुनील कुमार जैन | अनिल कुमार पिता अशोक कुमार पासी |
| 9. | 1089/25-26 | रविदास | शपथ पत्र | स्व. रमेश पिता स्व. भगौनी सेन | मुन्नी पति स्व. रमेश कुमार एवं प्रीति, रानी, वर्षा एवं ऋतु सभी पिता स्व. रमेश कुमार सेन |
| 10. | 1090/25-26 | अंबेडकर | रजि. हकत्याग,शपथ पत्र | रामनाथ पिता दुलीचंद लड़िया | वेदमति पति स्व. रामसहाय लड़िया |

कृते आयुक्त
नगर पालिक निगम सागर